तापमान
अधिकतम 25.0 डिग्री
न्यूनतम 4.3 डिग्री

हरिभूमि
रोहतक भूमि
रोहतक, रविवार, 17 दिसंबर 2023

15 मोदी की गारंटी लेकर शहरी क्षेत्र में पहुंची विकसित ...



16 सब्जी मंडी 20 को रहेगी बंद, हड़ताल हो सकती बेमियादी



# प्रॉपर्टी आईडी ठीक करवाने कम ही लोग पहुंचे जाट भवन व सेक्टर-3 में आज फिर लगेंगे कैंप

- जेडटीओ अशोक शर्मा की देखरेख में लगाए गए कैंपों में सौ से ज्यादा लोगों ने बिल ठीक करवाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सेक्टर एरिया के प्रॉपर्टी आईडी बिल ठीक करने के लिए शनिवार को जाट भवन और सेक्टर 3 के सामुदायिक केंद्र में कैंप लगाए गए। जेडटीओ अशोक शर्मा की देखरेख में लगाए गए कैंपों में लोगों ने रिकार्ड ठीक करवाया। लेकिन उम्मीद के मुताबिक लोग नहीं पहुंचे। रविवार को भी दोनों जगह दोबारा से कैंप लगाए जाएंगे। नगर निगम आयुक्त जितेंद्र सिंह से हाल ही में ऑल सेक्टर वेलफेयर एसोसिएशन ने मुलाकात की थी। इस दौरान पदाधिकारियों ने मांग की थी कि सेक्टर एरिया में काफी संख्या में लोगों के प्रॉपर्टी आईडी बिल गलत बने हुए हैं। उन्हें ठीक करवाने के लिए लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसलिए सेक्टर में कैंप लगाए जाएं। आयुक्त ने आदेश जारी किए कि जाट भवन में और सेक्टर 3 के सामुदायिक केंद्र में कैंप लगाए जाएंगे। जेडटीओ अशोक शर्मा की देखरेख में कैंप लगाए गए। उनके साथ टीम में इंस्पेक्टर अमन कुमार, विनोद कुमार समेत अन्य अधिकारी शामिल रहे। इस दौरान बिलों में मोबाइल नम्बर, नाम, पता, वर्ग गज आदि की गलतियों को ठीक किया गया। एनडीसी पोर्टल पर प्रॉपर्टी रिकार्ड अपडेट करवाया गया। इन लोगों को बिल भरने पर विशेष छूट भी दी जाएगी।




रोहतक। सेक्टर में अलग-अलग कैंप में लोगों के बिल ठीक करते हुए अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## दूसरी कॉलोनियों में भी लग सकते हैं कैंप

नगर निगम के पास जिन कॉलोनियों से डिमांड आएगी, वहां भी कैंप लगाए जा सकते हैं। इसके लिए आयुक्त कर शाखा के साथ मीटिंग कर निर्णय करेंगे। हालांकि पहले कई बार हर वार्ड में कैंप लगाए जा चुके हैं।

## 31 दिसंबर तक मिलेगी विशेष छूट

प्रॉपर्टी टैक्स भरने पर दी गई विशेष छूट की तिथि बढ़ाकर 31 दिसम्बर, 2023 कर दी गई है। वर्तमान वित्तवर्ष के सम्पत्तिकर पर 15 प्रतिशत की छूट व वर्ष 2010-11 से लेकर 2022-23 तक इस देरी फीस अर्थात 1.5 प्रतिशत ब्याज राशि, पिछले ब्याज पर 100 प्रतिशत की छूट दी गई है। यह छूट उन सम्पत्तिधारकों को दी जायेगी जोकि सम्पत्तिकर का बकाया भुगतान और बेबाकी प्रमाणपत्र प्रबंधन पद्धति पोर्टल पर संपत्ति की सूचना स्वतः प्रमाणित करते हैं और निर्धारण वर्ष 2023-24 तक अपने कुल सम्पत्तिकर के बकाया का भुगतान करते हैं।

## बिल ठीक किए जा रहे

सेक्टर में जाट भवन और सेक्टर 3 सामुदायिक केंद्र में कैंप लगाए गए हैं। जहां रविवार को भी कैंप लगाए जाएंगे। पहले दिन ज्यादा संख्या में लोग नहीं पहुंचे। जिन लोगों ने अपनी संपत्ति का रिकार्ड खुद पोर्टल पर भर दिया है उन्हें छूट दी जा रही है। इसके अलावा लोगों के बिल ठीक किए जा रहे हैं।
-अशोक शर्मा, जेडटीओ, नगर निगम

# आईएमटी में गढ़ी बोहर, खेड़ी साध, बलियाना और नौनंद के किसानों को करीब 700 प्लॉट मिलेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक





एचएसआईआईडीसी के एस्टेट ऑफिसर कुलदीप कादयान ने बताया कि आईएमटी में उन किसानों को जल्द ही प्लॉट अलॉट किए जाएंगे। जिनकी जमीन अधिग्रहित की गई थी। इन्होंने कहा कि पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होनी है। इसके लिए ट्रायल लिया गया था, वह सफल हो चुका है। गढ़ी बोहर, खेड़ी साध, बलियाना और नौनंद के किसानों को करीब 700 प्लॉट होंगे। एचएसआईआईडीसी के संपदा अधिकारी कुलदीप कादियान ने बताया कि जिन्हें अलॉटमेंट होना है, उन्हें नोटिस दिए जाने की प्रक्रिया शुरू करवाई जा चुकी है। प्लॉट साइज 100 से 450 वर्ग मीटर होंगे। सरकार ने 4800 रुपये प्रति वर्ग तय किया है। इसी हिसाब से किसानों से पैसे जमा करवाए जाएंगे। इन प्लॉट का प्रयोग रिहायशी और वाणिज्यक गतिविधियों के लिए किया जा सकेगा। मालूम हो कि आईएमटी विकसित करने के लिए कई साल विभिन्न गांवों की 3600 एकड़ जमीन अधिग्रहित की गई। एस्टेट ऑफिसर का कहना है कि इस 125 प्लॉट रनिंग में आ चुके हैं। कुल अधिग्रहित रकबे में से 80 अलॉट किया जा चुका है।

## वार्डबंदी के लिए एडहॉक कमेटी की बैठक 22 को

रोहतक। नगर निगम क्षेत्र की वार्डबंदी के लिए जल्द ही प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसके लिए शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय विभाग ने भी तैयारियां तेज कर दी हैं। विभाग के उच्च अधिकारी द्वारा डीसी को पत्र जारी किया गया है। इसके बाद जिला उपायुक्त अजय कुमार ने मीटिंग बुलाने के लिए पत्र जारी किया है। एडहॉक कमेटी की मीटिंग उपायुक्त 22 दिसम्बर को अपने कार्यालय में लेंगे। मीटिंग में कमेटी के सभी सदस्यों को बुलाया गया है ताकि आगामी प्रक्रिया शुरू की जा सके। कमेटी में निगम के मेयर मनमोहन गोयल, विभाग के अधिकारी, निगम आयुक्त जितेंद्र सिंह सहित पार्षद एवं कमेटी सदस्य सुरेश किराड़, मनोज सैनी, मुक्ता नागपाल, डिंपल जैन, दीपिका नेहरा आदि मौजूद रहेंगे।



# गांधी कैंप के दुकानदारों को ऑफर लेटर सौंपे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गांधी कैंप के रेलवे एलिवेटेड ट्रैक प्रभावित दुकानदारों को नगर निगम कार्यालय में ऑफर लेटर सौंपे गए। निगम के एलओ संदीप बतरा की तरफ से दुकानदारों को बुलाकर लेटर दिए गए। अब 25 प्रतिशत राशि जमा करवाने के बाद दुकानदारों को अपनी प्रॉपर्टी नगर निगम के नाम करवानी होगी। उन्हें इस प्रक्रिया के लिए 90 दिन का समय दिया गया है। इसके बाद उनकी दुकानों की रजिस्ट्री करवाई जाएंगी।

## 29 नवम्बर को हुआ था सपना पूरा

नगर निगम द्वारा गांधी कैंप के रेलवे एलिवेटेड ट्रैक प्रभावित 36 दुकानदारों को दुकान अलॉट करने के लिए विगत 29 नवम्बर को ड्रॉ निकाला गया था। विकास भवन में ड्रॉ प्रक्रिया एसडीएम राकेश सैनी, संयुक्त आयुक्त नगर निगम विजय मलिक और सीनियर डिप्टी मेयर राजकमल सहगल की मौजूदगी में हुई थी। जिसमें कमेटी के सदस्य पार्षद राधेश्याम ढल, अशोक खुराना और दीपू नागपाल भी उपस्थित रहे थे। गौरतलब है कि करीब पांच साल पहले रेलवे की तरफ से ट्रैक बनाने के लिए 37 दुकानदारों की जमीन ली गई थी। जिन्हें नगर निगम द्वारा पॉवर हाउस स्थित विवेकानंद सिटी सेंटर में दुकानें अलॉट की गई हैं। उन्हें प्रथम तल पर दुकानें दी गई हैं।

## 90 दिन में 25% राशि जमा करवानी होगी

दुकानदारों को ड्रॉ के माध्यम से दुकानें दे दी गई थी। अब उन्हें ऑफर लेटर दिए गए हैं। उन्हें 90 दिन में 25 प्रतिशत राशि जमा करवानी होगी। इसके अलावा जमीन की रजिस्ट्री निगम के नाम करवानी होगी। जल्द ही अन्य दुकानदारों को दुकानें देने के लिए प्रक्रिया शुरू होगी। -**अशोक खुराना**, कमेटी सदस्य

# सेल्फी लेते हुए पुल से गिरी युवती निजी अस्पताल में करवाया भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



राजीव गांधी खेल परिसर के पास रेलवे ओवरब्रिज से करीब 17 वर्षीय एक युवती सेल्फी लेते समय गिर गई। जिसकी सूचना राहगीरों ने पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी। जांच में सामने आया है कि वह चरखी दादरी की रहने वाली है। जो रोहतक में अपने मामा के यहां रहती थी। अचानक युवती पुल से सेल्फी लेते हुए गई गई। घायल युवती को उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जहां पर घायल युवती कर उपचार चल रहा है। अर्बन एस्टेट थाना के कार्यकारी प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि राजीव गांधी खेल परिसर के पास एक युवती पुल से गिर गई है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। युवती पुल से रेलवे लाइन के ऊपर गिरी है, जिसके कारण वह घायल हो गई। पुलिस ने उसे उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया है। पुलिस की प्राथमिक जांच में सामने आया कि युवती सेल्फी लेते हुए गिरी है। यह मामला जीआरपी के अंतर्गत आता है। इसलिए जीआरपी पुलिस को सूचना दे दी है।

## मदवि: दीक्षांत समोराह की रिहर्सल 25 को

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय का 18वां दीक्षांत समारोह 26 दिसंबर को टैगोर सभागार में आयोजित किया जाएगा, जिसकी रिहर्सल 25 दिसंबर को होगी। परीक्षा नियंत्रक डॉ. बीएस सिन्धु ने बताया कि दीक्षांत समारोह के लिए अनिवार्य पूर्वाभ्यास 25 दिसंबर को टैगोर सभागार में आयोजित किया जाएगा। दीक्षांत समारोह तथा पूर्वाभ्यास के लिए टैगोर सभागार में रिपोर्टिंग टाइम प्रातः 9 बजे है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. सिन्धु ने कहा कि इस रिहर्सल में शामिल होना आवश्यक है। इसी तरह प्रत्येक अभ्यर्थी के पास पहचान प्रमाण पत्र होना जरूरी है, जो कि संबंधित विभागाध्यक्ष द्वारा सत्यापित किया जाएगा। इसके लिए प्रत्येक अभ्यर्थी को दो नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ साथ लाने होंगे। दीक्षांत समारोह के लिए परिधान भी निर्धारित किया गया है, जिसका विवरण एमडीयू वेबसाइट पर उपलब्ध है।




## इक्विटी, डेट और गोल्ड के सही बैलेंस से मिलेगा हाई रिटर्न, राजनीतिक निरंतरता भी बाजार के आत्मविश्वास को बढ़ा रही

# अगले साल के लिए ऐसा बनाएं पोर्टफोलियो, रहेंगे फायदे में

- वर्तमान वैल्युएशन पर, लार्जकैप में मिडकैप और स्मॉलकैप की तुलना में अधिक सेफ्टी मार्जिन
- शेयर बाजार रोज नए रिकॉर्ड बना रहा, सभी फंडों में दिख रहा उछाल, दे सकता है बढ़िया रिटर्न
- बाजार की लेटेस्ट रैली में सेंसेक्स 70500 के लेवल से पार गया, निवेशकों ने करोड़ों कमाए
- निफ्टी भी 21150 के पार निकला और लाखों निवेशकों को दे गया अच्छा मुनाफा

बिजनेस डेस्क

अगर आप निवेशक हैं या निवेश करने जा रहे हैं और अगले साल अच्छा मुनाफा चाहते हैं जो कुछ बातें पल्ले गांठ बांध लें और निवेश के लिए तैयार हो जाएं। अपने पोर्टफोलियों को इक्विटी, डेट और गोल्ड के सही बैलेंस से मजबूत बना लें और अच्छा मुनाफा कमाने के लिए तैयार हो जाएं। इससे आपको हाई रिटर्न मिलेगा और आप आसानी से मालामाल हो जाएंगे। राजनीतिक निरंतरता भी बाजार के आत्मविश्वास को बढ़ा रही हैं। जो निवेशकों के लिए बेहद फायदेमंद हैं। तो आप भी निवेश के लिए तैयार हो जाएं और नए साल से पहले अपने पोर्टफोलियो को रीबैलेंस करने के बारे में विचार करें। वैसे भी शेयर बाजार रोज नए रिकॉर्ड बना रहा है।

बाजार की लेटेस्ट रैली में सेंसेक्स 70500 के लेवल को पार कर गया तो निफ्टी भी 21150 के पार निकल गया। साल 2023 में दोनों इंडेक्स में 16 से 17 फीसदी तेजी आई है। ऐसे में बाजार का वैल्युएशन एक चिंता वाली बात है। इसलिए नए साल के पहले अलग-अलग एसेट क्लास मसलन इक्विटी, डेट और गोल्ड में अपना पैसा बैलेंस तरीके अलोकेट करना चाहिए, ताकि पोर्टफोलियो को डाइवर्सिफाइड तरीके से मजबूत किया जा सके। साथ ही आने वाले दिनों में रिस्क कम करते हुए बेहतर रिटर्न हासिल हो सके। बाजार के जानकारों का कहना है कि इस साल आप सधी शुरूआत के साथ बाजार में उतरेंगे और अपनी रिस्क क्षमता के साथ सावधानीपूर्वक बाजार का मंथन कर निवेश करेंगे तो बेहद कम समय में ही मालामाल होकर अपने भविष्य को आर्थिक रूप से सुरक्षित कर लेंगे। इस रिपोर्ट में हम आपको कुछ ऐसे ही ऐसेट्स बताएंगे जो आपको निवेश करने में काफी मददगार साबित हो सकते हैं। हलांकि बाजार में उतार-चढ़ाव तो बना ही रहता है।

### अभी किस एसेट पर क्या व्यू

- इक्विटी: ओवरवेट - बेहतर मैक्रो के चलते बाजार में रहेगी तेजी
- डेट : न्यूट्रल
- गोल्ड : न्यूट्रल
- **इक्विटी:** रैली बनाए रखने पर बाजार की नजर

कई ब्रोकरेज हाउस के अनुसार फेवरेबल मैक्रोज के चलते बाजार की अभी एक और रैली पर नजर है। ओवरआल इक्विटी मार्केट के पक्ष में मैक्रोइकोनॉमिक आउटलुक में बदलाव के कारण नवंबर 2023 भारतीय इक्विटी मार्केट के लिए एक रिकवरी महीना साबित हुआ, जिसके चलते निफ्टी ने 1 दिसंबर, 2023 को 20,268 के आल टाइम हाई को टच कर लिया और निवेशकों को बेहतर मार्जन दिया। कई मैक्रोइकोनॉमिक पैरामीटर्स में सुधार से मसलन, अमेरिका में 10-साल की बॉन्ड यील्ड में कूल-ऑफ, कच्चे तेल की कीमतों में नरमी, हाई-फ्रीक्वेंसी इंडिकेटर्स में सुधार, क्यू-2एफवाई-24 में मजबूत अर्निंग, और राज्य चुनावों में सत्ताधारी दल के बेहतर प्रदर्शन। सभी चीजें बाजार के अनुकूल दिखाई दे रही हैं। ऐसे में निवेशकों को घबराना नहीं चाहिए। हालांकि थोड़े लंबे समय के लिए निवेश करना चाहिए।

### निफ्टी के लिए बड़ा टारगेट

कुछ ब्रोकरेज हाउस का कहना है कि वर्तमान वैल्यूएशन पर, लार्जकैप में मिडकैप और स्मॉलकैप की तुलना में अधिक सेफ्टी मार्जिन दिख रहा है। बहरहाल, ब्रॉडर इंडियन मार्केट की लॉन्ग टर्म स्टोरी आकर्षक बनी हुई है और इस संदर्भ में,



'ग्रोथ ऐट ए रीजनेबल प्राइस' थीम अभी के माहौल में आकर्षक लग रही है। ब्रोकरेज ने दिसंबर 2024 के लिए निफ्टी का टारगेट बढ़ाकर 23,000 कर दिया है। यह और निवेशकों को लुभाने वाली बात है।

### अर्थव्यवस्था में जारी रहेगी मजबूती

विधानसभा चुनावों में 4 प्रमुख राज्यों में से 3 में भाजपा के धमाकेदार प्रदर्शन के बाद यह मैक्रोइकोनॉमिक नैरेटिव और मजबूत हुआ है। 2024 के आम चुनावों में राजनीतिक निरंतरता की इस कहानी ने बाजार के आत्मविश्वास को और बढ़ा दिया है। इससे नीतिगत निरंतरता पर विजिबिलिटी भी बढ़ी है, जिससे घरेलू अर्थव्यवस्था को अपनी विकास गति को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। पिछले कुछ महीनों में मिडकैप और स्मॉलकैप की मजबूत पकड़ के साथ, हमारा मानना है कि लार्जकैप की तुलना में कुछ पॉकेट्स में मौजूदा स्तरों पर सेफ्टी मार्जिन कम हो गया है। जानकारों का कहना है कि अर्थव्यवस्था मजबूत रहेगी।

### कहां व कितना करें निवेश

| परिसंपत्ति | जोखिम | रूढ़िवादी | ग्रोथ | अग्रेसिव | |
|---|---|---|---|---|---|
| इक्विटी | 0% | 20% | 50% | 70% | 90% |
| सोना | 70% | 70% | 35% | 15% | 5% |
| ऋण | 30% | 10% | 15% | 15% | 5% |
| कुल | 100% | 100% | 100% | 100% | 100% |

### सोना: 'गिरावट पर खरीदें'



गोल्ड पर ब्रोकरेज हाउस ने न्यूट्रल स्टांस जारी रखा है और 'गिरावट पर खरीदारी' की रणनीति की सलाह दी है। इससे आपको अगले साल बेहतर रिटर्न मिल सकता है। स्वर्ण बाजार के जानकारों का मानना है कि अगले साल सोना 65 से 70 हजार प्रति दस ग्राम तक के स्तर को भी छू सकता है। गोल्ड में निवेशकों को अच्छा मार्जन मिलने के संकेत मिल रहे हैं। वहीं, कहा भी जाता है कि सोने में निवेश सबसे सुरक्षित है। हालांकि जानकार सोने को गिरावट के बाद ही खरीदने की सलाह दे रहे हैं।

### बॉन्ड मार्केट

ब्रोकरेज हाउस ने जोखिम उठाने की क्षमता के आधार पर कुछ नोन-एएए एक्सपोजर वाले बॉन्ड के लिए क्वालिटी अप्रोच का रिकमेंडेशन करते हैं।

### करंसी मार्केट को डायरेक्शन देने वाले इवेंट

1) एफओएमसी मीटिंग में ब्याज दरों को लेकर आगे क्या फैसला आता है
2) विकसित अर्थव्यवस्थाओं में ग्रोथ
3) तेल की कीमतें
4) कमोडिटी प्रॉसेस की दिशा
5) महंगाई और विकास की गतिशीलता
6) फॉरेन फ्लो की दिशा



- निवेश में विविधता लाएं, निवेश बढ़ाते जाएं
- अपने पोर्टफोलियो का नए सिरे से आकलन करें
- बाजार के मूड और माहौल के हिसाब से करें निवेश
- अलग-अलग एसेट क्लास में अपना पैसा अलोकेट करें
- अक्टूबर इक्विटी मार्केट के लिए सबसे अस्थिर महीना रहा

# डायवर्सिफिकेशन के सूत्र को अपनाएं

बिजनेस डेस्क

अगर आप निवेशक हैं तो आपको अपने पोर्टफोलियो का नए सिरे से आकलन करना चाहिए। न सिर्फ आकलन करना चाहिए, बल्कि बाजार के मूड और माहौल के हिसाब से अलग अलग एसेट क्लास में अपना पैसा अलोकेट करना चाहिए, ताकि आपके पोर्टफोलियो को डाइवर्सिफिकेशन मिले और रिस्क को मैनेज करते हुए बेहतर रिटर्न हासिल हो सके। किस मार्केट साइकिल में आपको कितना पैसा कहां मसलन इक्विटी, गोल्ड, बांड या ऐसे दूसरे एसेट एसेट क्लास में होना चाहिए, इसका अपना खास महत्व है। एक ब्रोकरेज हाउस ने मल्टी एसेट अलोकेशन को लेकर अपनी एक रिपोर्ट दी है। इस रिपोर्ट में उसने कई अहम बिंदुओं को उठाया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि आप किस तरह से अपने पोर्टफोलियो को डाइवर्सिफाई कर खुद को अमीर बना सकते हैं और कैसे अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं।

### अभी किस एसेट पर क्या है व्यू

#### इक्विटी-'रीजनेबल प्राइस पर ग्रोथ'

रिपोर्ट के मुताबिक अक्टूबर 2023 की बात करें तो यह इक्विटी मार्केट के लिए एक अस्थिर महीना साबित हुआ, क्योंकि इस दौरान निफ्टी 50 टॉप लेवल से 6 फीसदी तक करेक्ट हुआ है। इस गिरावट का कारण बनने वाले कुछ महत्वपूर्ण फैक्टर थे। पहला: यूएस 10-ईयर बांड यील्ड में ग्रोथ। दूसरा: मिड ईस्ट में चल रहे जियो-पॉलिटिकल टेंशन। तीसरा: बढ़ती और अस्थिर कच्चे तेल की कीमतें। चौथा: कंजम्पशन ग्रोथ में नरमी।

#### ये रहे विनर

हालांकि, स्मॉल और मिडकैप पिछले एक साल में 29% और 25% की ग्रोथ के साथ विनर रहे हैं। यहां से आगे, बाजार में एक स्टाइल और सेक्टर रोटेशन देखने की संभावना है, पिछले कुछ महीनों में मिडकैप और स्मॉलकैप की मजबूत पकड़ के साथ, ब्रोकरेज हाउस का मानना है कि लार्जकैप की तुलना में कुछ पॉकेट्स में मौजूदा स्तरों पर सेफ्टी मार्जिन कम हो गया। इसे ध्यान में रखते हुए, ब्रॉडर मार्केट में निकट अवधि में कुछ समय के लिए करेक्शन देखा जा सकता है और फ्लो लार्जकैप की ओर ट्रांसफर होने की संभावना है।

#### ये सेफ्टी मार्जिन दे रहे

मौजूदा वैल्युएशन पर, हाई बांड यील्ड, बढ़ती कच्चे तेल की कीमतों और मजबूत डॉलर सूचकांक के मौजूदा सीनेरियो के बीच लार्जकैप, मिडकैप और स्मॉलकैप की तुलना में अधिक सेफ्टी मार्जिन प्रदान करते हैं। बहरहाल, ब्रॉडर मार्केट की लॉन्ग टर्म स्टोरी आकर्षक बनी हुई है और इस संदर्भ में, 'रीजनेबल प्राइस पर ग्रोथ' थीम वर्तमान समय में आकर्षक लग रही है। ब्रोकरेज ने दिसंबर 2023 के लिए निफ्टी का टारगेट 20,200 पर बनाए रखा है।

#### बॉन्ड मार्केट

कुछ ब्रोकरेज हाउस जोखिम उठाने की क्षमता के आधार पर कुछ नॉन-एएए एक्सपोजर वाले बॉन्ड के लिए क्वालिटी अप्रोच का रिकमेंडेशन करते हैं।

#### गोल्ड

गोल्ड पर ब्रोकरेज हाउस ने न्यूट्रल स्टांस जारी रखा है और 'गिरावट पर खरीदारी' की रणनीति की सलाह दी है।

#### करंसी मार्केट को ये देते हैं दिशा

1. एफओएमसी मीटिंग में ब्याज दरों को लेकर आगे क्या फैसला आता है
2. विकसित अर्थव्यवस्थाओं में ग्रोथ
3. तेल की कीमतें
4. कमोडिटी प्रॉसेस की दिशा
5. महंगाई और विकास की गतिशीलता
6. विदेशी प्रवाह की दिशा

# क्रेडिट कार्ड ईएमआई में क्यों करना पड़ता है 18% ज्यादा भुगतान

- क्रेडिट कार्ड के खर्च को ईएमआई में तब्दील करना चाहते हैं, तो जान लें जरूरी बातें
- ईएमआई में आम तौर पर बताए गए ब्याज से ज्यादा भुगतान करना होगा
- यहां तक कि नो कॉस्ट ईएमआई भी बिना लागत नहीं होती

बिजनेस डेस्क

यह बात तो आम तौर पर सभी लोग जानते हैं कि क्रेडिट कार्ड की बकाया रकम को ड्यू डेट यानी देय तारीख तक पूरी तरह नहीं चुकाने पर काफी भारी-भरकम ब्याज देना पड़ सकता है। यह ब्याज कई बार सालाना 42 फीसदी तक भी हो सकता है। इसके अलावा कई बार लेट पेमेंट पेनाल्टी के तौर पर भी मोटी रकम देनी पड़ सकती है, लेकिन अगर आपने क्रेडिट कार्ड से कोई बड़ी खरीदारी की है और ड्यू डेट तक पूरी रकम चुकाना मुश्किल हो रहा है, तो एक उपाय पूरे पेमेंट को ईएमआई में तब्दील करने का होता है। ऐसी ईएमआई पर लगने वाला इंटरेस्ट उस ब्याज के मुकाबले कम होता है, जो पूरी रकम का भुगतान नहीं करने पर देना पड़ता है, लेकिन क्या आपको पता है कि क्रेडिट कार्ड की ईएमआई में बताए गए ब्याज के अलावा 18% एक्स्ट्रा कॉस्ट यानी अतिरिक्त लागत भी जुड़ी होती है।

### 'नो कॉस्ट ईएमआई' भी बिना लागत नहीं

कई बार आपको क्रेडिट कार्ड कंपनी/रिटेलर की तरफ से पूरी रकम को 'नो कॉस्ट ईएमआई' में तब्दील करने का ऑफर भी मिलता है। आम तौर पर लोग इससे काफी आकर्षित हो जाते हैं। उन्हें लगता है कि 'नो कॉस्ट ईएमआई' का मतलब यह है कि आपको सिर्फ उतने ही पैसे देने हैं, जितने की आपने खरीदारी की है। इसके अलावा कोई एक्स्ट्रा चार्ज नहीं लगेगा, लेकिन आम तौर पर ऐसा होता नहीं है। अक्सर 'नो कॉस्ट ईएमआई' की भी लागत होती है। अगर आपको इस सुविधा का लाभ उठाने का फैसला करते समय इस बारे में जानकारी नहीं होगी, तो क्रेडिट कार्ड की ईएमआई का पेमेंट करते समय आपको झटका लग सकता है।


### ऐसा क्यों होता है

आपको पता होना चाहिए कि क्रेडिट कार्ड की बकाया रकम पर लगने वाले ब्याज पर आपको गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) भी देना पड़ सकता है। दरअसल, वित्तीय संस्थानों की बहुत सारी सर्विसेज और चार्जेज जीएसटी के दायरे में शामिल हैं, जिनका बोझ आखिरकार ग्राहकों पर ही पड़ता है। क्रेडिट कार्ड पर लगने वाला इंटरेस्ट भी इसी कैटेगरी में शामिल है, जिस पर 18 फीसदी की दर से जीएसटी देना होता है। यह जीएसटी क्रेडिट कार्ड ट्रांजैक्शन के इंटरेस्ट पर लगता है। जाहिर है कि अगर आपने क्रेडिट कार्ड से किए खर्च को ईएमआई में तब्दील किया तो बिल आने पर इंटरेस्ट के ऊपर 18 फीसदी जीएसटी भी जुड़ा हुआ मिलेगा। मिसाल के तौर पर अगर आप ईएमआई के लिए 20 फीसदी ब्याज दे रहे हैं, तो उस पर 18 फीसदी जीएसटी जोड़ने के बाद ब्याज की पूरी लागत 23.6 फीसदी हो जाएगी।

### क्रेडिट कार्ड इंटरेस्ट पर जीएसटी

हमने क्रेडिट कार्ड के सामान्य ईएमआई पर लगने वाले जीएसटी की बात की, लेकिन आपके मन में ये सवाल उठ रहा होगा कि अगर हमारी ईएमआई 'नो कॉस्ट' है, तो भला उस पर जीएसटी क्यों लगेगा? दरअसल, नो-कॉस्ट ईएमआई के मामले में भी आमतौर पर ऐसा नहीं होता कि क्रेडिट कार्ड कंपनी ब्याज न ले। असल में क्रेडिट कार्ड जारी करने वाला बैंक तो ब्याज लेता है, लेकिन सामान बेचने वाला रिटेलर ईएमआई के पूरे टेन्योर के दौरान वसूले जाने वाले ब्याज के बराबर रकम आपको इंस्टैंट डिस्काउंट के रूप में ऑफर कर देता है। इसलिए वो दावा करता है कि आपके लिए इस ईएमआई की कोई लागत नहीं है, लेकिन ऑफर किए जा रहे डिस्काउंट में आमतौर पर सिर्फ ईएमआई का ब्याज शामिल होता है, उस ब्याज पर सरकार की तरफ से वसूला जाने वाला जीएसटी नहीं। मिसाल के तौर पर अगर क्रेडिट कार्ड ईएमआई का ब्याज सालाना 20 फीसदी है, तो आपको उस पर 18 फीसदी जीएसटी देना होगा, जो ईएमआई की कुल रकम के 3.6 फीसदी के बराबर होगा।

**यह भी संभव :** हो सकता है आपको प्रोसेसिंग फीस या किसी और चार्ज के रूप में कुछ और पैसे भी देने पड़ें। इसलिए अगर आप क्रेडिट कार्ड की खरीदारी को ईएमआई या नो कॉस्ट ईएमआई में तब्दील कराने की सोच रहे हैं, तो पहले इन सभी अतिरिक्त लागतों को जोड़कर उसकी लागत निकालें और तभी कोई फैसला करें।



दीपशा तनेजा
फाइनेंसियल एडवाइजर

# बल्क/ब्लॉक/इनसाइडर डील क्या है?

स्टॉक में निवेश करने वाले जरूर जान लें इन टर्म के बारे में, थोक डील एक ऐसा व्यापार, जहां एक एकल निवेशक लेनदेन के माध्यम से इक्विटी शेयर खरीदता या बेचता है



याद रखें कि थोक सौदे आपके समग्र विश्लेषण में केवल एक कारक हैं, और इस जानकारी को एक व्यापक ट्रेडिंग रणनीति के साथ एकीकृत करना महत्वपूर्ण है। इसके अतिरिक्त, हमेशा जानकारी को सत्यापित करें, बाज़ार नियमों के बारे में सूचित रहें और व्यापारिक निर्णय लेने से पहले वित्तीय पेशेवरों से परामर्श करने पर विचार करें।

शेयर बाजार में बल्क यानी थोक सौदे, व ब्लॉक डील बहुत महत्वपूर्ण है। स्टॉक में निवेश करने वालों को इन टर्म के बारे में पता होना चाहिए। शेयर बाजार में इन दो लोकप्रिय प्रकार के सौदों के अलावा, एक और प्रकार का सौदा होता है जो ऐसे व्यक्तियों द्वारा होता है जो कंपनी के बारे में आंतरिक जानकारी तक पहुंच रखने वाले प्रमोटर या निवेशक समूह होते हैं। इस प्रकार के सौदों को अंदरूनी सौदे यानी इनसाइडर डील के रूप में जाना जाता है। अब इन्हें और विस्तार से समझते हैं। थोक डील क्या है? बल्क यानी थोक डील एक ऐसा व्यापार है जहां एक एकल निवेशक एक लेनदेन के माध्यम से किसी कंपनी के 0.5% से अधिक इक्विटी शेयर खरीदता या बेचता है। इसलिए, उदाहरण के लिए, यदि कंपनी ए के पास कुल बकाया शेयरों की संख्या 1 करोड़ है, तो एक थोक सौदे में एक ही लेनदेन में कम से कम 50,000 शेयर (1 करोड़ का 0.5%) खरीदना या बेचना शामिल होगा। सभी एनएसई थोक सौदे नेशनल स्टॉक एक्सचेंज को रिपोर्ट किए जाते हैं, और सभी बीएसई थोक सौदे वास्तविक समय में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज को रिपोर्ट किए जाते हैं और दिन के अंत में जनता के लिए उपलब्ध होते हैं। तो, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर किए गए कोई भी थोक सौदे एनएसई थोक सौदे हैं, जबकि यदि बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर थोक सौदे किए जाते हैं, तो वे बीएसई थोक सौदे हैं। ये सौदे संस्थागत निवेशकों, म्यूचुअल फंड और अन्य बड़े बाजार सहभागियों की व्यापारिक गतिविधि में अंतर्दृष्टि प्रदान कर सकते हैं, जो स्टॉक की कीमत और समग्र बाजार धारणा को प्रभावित कर सकते हैं।

### ब्लॉक डील क्या है?

एनएसई ब्लॉक डील या बीएसई ब्लॉक डील थोक डील से काफी अलग हैं; ब्लॉक डील के मामले में, दो ज्ञात पक्षों के बीच एक सहमत मूल्य पर न्यूनतम 10 करोड़ रुपये मूल्य के बड़ी संख्या में शेयरों की खरीद या बिक्री होनी चाहिए। हाँ! एक ब्लॉक डील में, खरीदार और विक्रेता दोनों पहले से ही एक-दूसरे को जानते हैं, और सौदे पर ऑफ-मार्केट बातचीत की जाती है, जिसका अर्थ है कि इसे नियमित ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से निष्पादित नहीं किया जाता है जहां अधिकांश खुदरा निवेशक शेयर खरीदते और बेचते हैं। ब्लॉक डील को विशेष ₹ब्लॉक डील विंडो₹ पर एकल लेनदेन के माध्यम से अलग से निष्पादित किया जाता है, जो आम तौर पर सुबह के सत्र में केवल 35 मिनट के लिए खुला होता है।

### बल्क सौदे बनाम ब्लॉक सौदे डील का आकार

#### ब्लॉक डील

इसमें बड़ी मात्रा में शेयर शामिल होते हैं, जो आमतौर पर स्टॉक एक्सचेंज द्वारा निर्धारित पूर्वनिर्धारित न्यूनतम सीमा से अधिक होते हैं (उदाहरण के लिए, 5,00,000 शेयर या भारत में न्यूनतम मूल्य 5 करोड़ रुपये)। ब्लॉक डील का आकार पर्याप्त होता है, और लेनदेन मूल्य महत्वपूर्ण हो सकता है।

#### बल्क डील

इसमें पर्याप्त मात्रा में शेयर शामिल होते हैं, लेकिन स्टॉक एक्सचेंज द्वारा परिभाषित कोई विशिष्ट न्यूनतम मात्रा नहीं होती है। किसी कंपनी के इक्विटी शेयरों के न्यूनतम 0.5% वाले लेनदेन को अक्सर थोक सौदे माना जाता है। थोक सौदे का आकार महत्वपूर्ण है लेकिन ब्लॉक सौदे जितना बड़ा नहीं हो सकता है।

#### निष्पादन

#### ब्लॉक डील

एक विशेष व्यापार के माध्यम से निष्पादित। स्टॉक की कीमत पर प्रभाव को कम करने के लिए नियमित बाजार घंटों से अलग विंडो या तंत्र। ब्लॉक डील के लिए ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म को बड़े लेनदेन को कुशलतापूर्वक संभालने के लिए डिजाइन किया गया है।

#### थोक सौदा

सामान्य बाजार घंटों के दौरान स्टॉक एक्सचेंज के नियमित ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म पर निष्पादित। लेन-देन नियमित बाजार गतिविधि के साथ एकीकृत होते हैं और स्टॉक की कीमत पर तुलनात्मक रूप से कम प्रभाव पड़ सकता है।

#### प्रकटीकरण

#### ब्लॉक डील

मात्रा, कीमत और प्रतिभागियों सहित ब्लॉक डील विवरण का तत्काल और अनिवार्य खुलासा आवश्यक है। यह बाजार में पारदर्शिता और सूचना का समय पर प्रसार सुनिश्चित करता है।

#### थोक सौदा

ब्लॉक सौदों की तुलना में थोक सौदों के लिए प्रकटीकरण आवश्यकताएँ कम कठोर हैं। हालाँकि एक्सचेंजों को प्रकटीकरण की आवश्यकता होती है, यह प्रक्रिया तत्काल या विस्तृत नहीं हो सकती है।

#### प्रतिभागी

#### ब्लॉक डील

इसमें आमतौर पर संस्थागत निवेशक, म्यूचुअल फंड या बड़े वित्तीय संस्थान शामिल होते हैं। संस्थागत प्रतिभागी अक्सर बाजार पर अत्यधिक प्रभाव डाले बिना महत्वपूर्ण लेनदेन निष्पादित करने के लिए ब्लॉक डील में संलग्न होते हैं।

#### थोक सौदा

इसमें खुदरा निवेशकों, उच्च निवल मूल्य वाले व्यक्तियों और छोटे संस्थागत खिलाड़ियों सहित प्रतिभागियों का एक विविध समूह शामिल हो सकता है। कठोर न्यूनतम मात्रा सीमा के अभाव के कारण थोक सौदे प्रतिभागियों की एक विस्तृत श्रृंखला को आकर्षित कर सकते हैं।

#### ध्यान रखें

हालांकि, व्यापक दृष्टिकोण से, थोक सौदे और ब्लॉक सौदे दोनों समान लगते हैं, क्योंकि इसमें महत्वपूर्ण मात्रा में शेयरों की खरीद या बिक्री शामिल होती है। हालाँकि, उनमें से प्रत्येक की विशिष्ट विशेषताएं हैं, जिन्हें चार मापदंडों के आधार पर समझाया गया है। संक्षेप में, थोक और ब्लॉक सौदों के बीच मुख्य अंतर उनके आकार मानदंड, निष्पादन के तरीके और बाजार दृश्यता पर प्रभाव हैं। दोनों सौदों में महत्वपूर्ण संख्या में शेयर शामिल हैं, लेकिन ब्लॉक सौदे पूर्ण मात्रा/मूल्य पर अधिक केंद्रित होते हैं और बाजार के प्रभाव को कम करने के लिए ऑफ-मार्केट निष्पादित किए जाते हैं। दूसरी ओर, थोक सौदे नियमित ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म पर निष्पादित किए जाते हैं, जो बाजार की कीमतों को प्रभावित कर सकते हैं।

### इनसाइडर डील क्या है?

जैसा कि ऊपर चर्चा की गई है, ये सौदे प्रमोटर समूहों या निवेशक समूहों के व्यक्तियों द्वारा किए जाते हैं। लेकिन चूंकि ऐसे व्यक्तियों के पास कंपनी के बारे में आंतरिक जानकारी तक पहुंच होती है, इसलिए अनुचित लाभ या स्टॉक में हेरफेर को रोकने के लिए, बाजार नियामक, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा ऐसे सौदों की बारीकी से निगरानी की जाती है। अंदरूनी व्यापार को आम तौर पर तब अवैध माना जाता है जब इसमें कंपनी के व्यक्तियों द्वारा गैर-सार्वजनिक जानकारी के आधार पर शेयरों का व्यापार शामिल होता है। हालाँकि, यह ध्यान रखना आवश्यक है कि हालाँकि अंदरूनी सौदे एक चिंता का विषय हैं, लेकिन अंदरूनी सूत्रों द्वारा किए गए सभी लेनदेन अवैध नहीं हैं। अंदरूनी सूत्रों को कुछ शर्तों के तहत अपनी कंपनी की प्रतिभूतियों का व्यापार करने की अनुमति है, जैसे विशिष्ट रिपोर्टिंग आवश्यकताओं का पालन करना और महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक जानकारी के आधार पर व्यापार करने से बचना।

### ट्रेडिंग अवसरों की पहचान कैसे करें?

#### थोक डील डेटा तक पहुंचें

एनएसई अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर थोक सौदों की जानकारी प्रदान करता है। आप दैनिक थोक डील डेटा पा सकते हैं जिसमें स्टॉक का नाम, कारोबार की मात्रा, कारोबार की कीमत और खरीदारों और विक्रेताओं के नाम जैसे विवरण शामिल हैं।

#### थोक सौदों के महत्व को समझें

पहचानें कि थोक सौदों में बड़े लेनदेन शामिल होते हैं, और संस्थागत निवेशक या उच्च-निवल मूल्य वाले व्यक्ति अक्सर इन सौदों में भाग लेते हैं। थोक सौदों के माध्यम से स्वामित्व में एक महत्वपूर्ण बदलाव बाजार की धारणा में बदलाव का संकेत दे सकता है।

#### रुझान और पैटर्न देखें

रुझानों और पैटर्न की पहचान करने के लिए विशिष्ट शेयरों के ऐतिहासिक थोक सौदे डेटा विश्लेषण करें। आवर्ती खरीदारों या विक्रेताओं, व्यापारिक गतिविधि में वृद्धि, या समय के साथ थोक सौदों की एक श्रृंखला की तलाश करें।

#### कारोबार की मात्रा पर विचार करें

थोक सौदे में कारोबार किए गए शेयरों की मात्रा पर ध्यान दें। स्टॉक के औसत ट्रेडिंग वॉल्यूम के सापेक्ष बड़ी मात्रा निवेशकों की बढ़ी हुई रुचि या संभावित संस्थागत गतिविधि का संकेत दे सकती है। थोक सौदों से जुड़े मूल्य उतार-चढ़ाव का मूल्यांकन करें। एक थोक सौदे के बाद एक महत्वपूर्ण मूल्य परिवर्तन यह संकेत दे सकता है कि सौदे ने बाजार की धारणा को प्रभावित किया है, और आगे की कीमत में उतार-चढ़ाव की उम्मीद की जा सकती है।

#### अंदरूनी व्यापार की जांच करें

जबकि थोक सौदे स्वयं अंदरूनी व्यापार का संकेत नहीं दे सकते हैं, असामान्य या अप्रत्याशित व्यापारिक गतिविधि की जांच की जानी चाहिए। किसी भी बाद की घोषणा या समाचार पर नज़र रखें जो थोक सौदे की गतिविधि को समझा सके।

#### तकनीकी विश्लेषण का प्रयोग करें

संभावित प्रवेश या निकास बिंदुओं की पहचान करने के लिए तकनीकी विश्लेषण उपकरणों और संकेतकों के साथ थोक सौदे की जानकारी को संयोजित करें। चार्ट पैटर्न, समर्थन और प्रतिरोध स्तर और अन्य तकनीकी संकेतों को देखें जो थोक डील डेटा के साथ संरेखित होते हैं।

#### सेक्टर रुझानों की निगरानी करें

व्यापक बाज़ार संदर्भ और सेक्टर रुझानों पर विचार करें। संभावित व्यापारिक अवसरों का विश्लेषण करते समय विशिष्ट क्षेत्रों या उद्योगों में थोक सौदे अधिक प्रासंगिक हो सकते हैं। बाज़ार समाचार, कंपनी घोषणाओं और व्यापक आर्थिक कारकों पर अपडेट रहें। बाहरी घटनाएं स्टॉक की कीमतों को प्रभावित कर सकती हैं और थोक सौदा गतिविधि को संदर्भ प्रदान कर सकती हैं।

#### जोखिम प्रबंधन

अपनी पूंजी की सुरक्षा के लिए जोखिम प्रबंधन रणनीतियों को लागू करें। जबकि थोक सौदे बहुमूल्य जानकारी प्रदान करते हैं, किसी भी व्यापारिक अवसर के समग्र जोखिम और इनाम पर विचार करना आवश्यक है।

## खबर संक्षेप



महम। रस्साकशी प्रतियोगिता में भाग लेते एचडी स्कूल खेड़ी महम के विद्यार्थी।

### जैसमीन हाउस वार्षिक खेलों में रहा प्रथम

**महम।** एचडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल खेडी महम में 24 वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्कूल प्राचार्य रघुविंद्र सिंह मल्हान ने बताया कि इस वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने जोश व उत्साह के साथ भाग लिया। इस प्रतियोगिता में सीनियर विंग से लोटस हाउस के खिलाड़ियों ने पहला तथा जैसमीन हाऊस के बच्चों ने दूसरा स्थान अर्जित किया।

### रोहित ने 1500 मीटर रेस में जीता कांस्य पदक

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में 10 से 12 दिसंबर तक हुई अंतर महाविद्यालय एथलेटिक चैंपियनशिप में गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज के बीए द्वितीय वर्ष के छात्र रोहित ने 1500 मीटर रेस में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। कॉलेज पहुंचने पर प्राचार्य डॉ. जयपाल शर्मा ने विजेता खिलाड़ी का स्वागत किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आज का युवा वर्ग दोराहे पर खड़ा है, जहां एक तरफ वो नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है वहीं दूसरी ओर नशे और अपराध में लिप्त हो रहा है।

10 पात्रों की मौके पर ही बनाई पेंशन, 200 परिवारों को गैस चूल्हे वितरित किए

# मोदी की गारंटी लेकर शहरी क्षेत्र में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

भारत वर्ष 2027 तक विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा: डॉ. अनिल जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

विकसित भारत संकल्प यात्रा ने शहरी क्षेत्र में भी पात्र लोगों को योजना का लाभ देना शुरू कर दिया है। शनिवार को विश्वकर्मा पब्लिक स्कूल में यात्रा पहुंची। आज के कार्यक्रम में 10 पात्रों की मौके पर पेंशन बनाई गई तथा लगभग 200 गैस चूल्हे वितरित किए गए। इसमें मुख्यातिथि राज्यसभा सांसद एवं हरियाणा के पूर्व प्रभारी डॉ. अनिल जैन रहे। डॉ. अनिल जैन कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार गरीबों को समर्पित सरकार है। प्रधानमंत्री की करनी और कथनी में कोई अंतर नहीं है। उन्होंने व्यवस्था में परिवर्तन करके गरीब पात्र लोगों तक योजनाओं का पूरा लाभ पहुंचाकर देश के नागरिकों का विश्वास जीता है। भारत वर्ष 2027 तक विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। वर्तमान में भारत विश्व की सबसे तेज गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है। कार्यक्रम में लोकसभा सांसद डॉ. अरविंद शर्मा, राज्यसभा सांसद रामचन्द्र जांगड़ा, केन्द्रीय अतिरिक्त सचिव एवं विकसित भारत संकल्प यात्रा के प्रदेश प्रभारी आलोक, मेयर मनमोहन गोयल, उपायुक्त अजय कुमार और नगर निगम आयुक्त जितेन्द्र दहिया मौजूद रहे।



रोहतक। यात्रा के दौरान देश को विकसित बनाने की शपथ लेते भाजपाई।



रोहतक। कार्यक्रम को संबोधकत करते राज्यसभा सांसद डॉ. अनिल जैन।

### भारत को आगे बढ़ाने का संकल्प

मेयर मनमोहन गोयल ने शहरी क्षेत्र में संकल्प यात्रा का शुभारंभ होने पर सरकार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कार्यक्रम के मुख्यातिथि एवं अन्य अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने का काम किया है।

### डीसी ने विकसित भारत की दिलाई शपथ

*उपायुक्त अजय कुमार ने उपस्थितगण को भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने, गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेंकने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने, भारत की एकता को मजबूत करने, देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करने तथा नागरिक के नाते अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का संकल्प दिलवाया।*

### पात्रों को बनाया जा रहा हकदार: डॉ. अरविंद शर्मा

लोकसभा सांसद डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अंत्योदय के लिए चिंतित हैं। वे विकसित भारत संकल्प यात्रा में गहरी रुचि ले रहे हैं। आयुष्मान व चिरायु हरियाणा योजना के तहत पात्र लोगों को 1 लाख करोड़ रुपये का लाभ दिया गया है।

### किसानों को शून्य ब्याज दर पर दिया जा रहा ऋण

राज्यसभा सांसद रामचन्द्र जांगडा ने कहा कि सरकार द्वारा 17 करोड़ नए गैस कनेक्शन दिए गए हैं और नागरिकों को पर्याप्त घरेलू गैस उपलब्ध करवाई जा रही है। किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण दिया जा रहा है। देश में सड़कों का जाल बिछाया गया है।



पात्रों को योजनाओं का लाभ देते भाजपाई।

### ग्रामीण क्षेत्रों में यात्रा का स्वागत

विकसित भारत संकल्प यात्रा आज जिला के ग्रामीण क्षेत्र में गांव माडौधी रागड़ान व माडौधी जाटान, गांव भैयापुर व गांव लाढौत में पहुंची। यात्रा का ग्रामीणों ने स्वागत किया। गांव भैयापुर व लाढौत के कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य सतीश नांदल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। गांव माडौधी रांगडान व माडौधी जाटान में भाजपा नेता नरेंद्र खट्टर ने मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया। सतीश नांदल व नरेंद्र खट्टर ने अपने अलग-अलग संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी वाली गाड़ी अंतिम व्यक्ति के पास पहुंच चुकी है।

## न्यूज डायरी



### विद्या श्री इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने जीते पदक

**रोहतक।** विद्या श्री इंटरनेशनल विद्यालय के विद्यार्थियों ने 15 दिसंबर को नई दिल्ली के डीपीएस स्कूल में आयोजित एशिया रोबोटिक्स प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और 5 शीर्ष स्थान हासिल किए। सभी को हार्दिक बधाई। विद्यार्थियों ने पांच अलग-अलग वर्गों में भाग लिया और हर वर्ग में अलग -अलग पदक जीते। स्कूल के प्रवक्ता ने बताया कि सांगवान, अंश बंसल, करण ढाका, नित्य ऋषि, अवनि, प्राची, प्रांजल अहलावत, देवांशी ने स्वर्ण पदक जीते। वहीं, यथार्थ अहलावत, सोहम मित्तल, तन्वी, रेयांश मित्तल ने रजत पदक हासिल किए। साथ ही अगम सिंह, माहिर कुंडू नव्यांश, देवांश, हरमन अनेजा, ओजस्वी गौतम, देवांश, प्रणित ने कांस्य पदक हासिल किए।



### जैन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**रोहतक।** माता दरवाजा स्थित जैन पब्लिक स्कूल में पहली कक्षा से आठवीं कक्षा और नौवीं व ग्यारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों की दौड़ प्रतियोगिता करवाई गई। प्राचार्या आशा छाबड़ा ने बताया कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए स्कूल में खेल इंचार्ज डॉ. जनक राज के दिशा-निर्देशन में 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। खेल इंचार्ज व पीजीटी फिजिकल एजुकेशन टीचर डॉक्टर जनक राज ने बताया कि 100 मीटर दौड़ में पहली कक्षा में लड़कों में केशव प्रथम, देवांश द्वितीय, लक्ष्य तृतीय, लड़कियों में रिया प्रथम, दीक्षा द्वितीय, सिया तृतीय, दूसरी कक्षा में लड़कों में अक्षत प्रथम, अंश द्वितीय, ऋषिक तृतीय प्राप्त किया। वहीं, तीसरी कक्षा में लड़कों में रिहान प्रथम, भावेश द्वितीय, अनुज तृतीय स्थान पर रहे।



### पुरानी पेंशन जल्द बहाल करने की मांग

**रोहतक।** हरियाणा मेडिकल कॉलेज फेडरेशन के चेयरमैन रवि सांगवान, वाइस चेयरमैन राजेश डाबरा, जितेंद्र गुलिया ने पीजीआईएमएस में एक बैठक की और कहा कि सरकार विधानसभा सत्र मे पुरानी पेंशन बहाली का प्रस्ताव पारित करे। सत्र में पुरानी पेंशन पर सरकार की तरफ से खुली चर्चा करनी चाहिए। प्रैस प्रवक्ता ऋषि देव कुंडू और महासचिव अशोक सूर्या ने बताया एनपीएस में कर्मचारी को तो नुकसान है ही साथ ही सरकारी खजाने पर भी बोझ है। कर्मचारी के पैसे और सरकार के पैसा एनपीएस में बड़ी कम्पनियों के हाथों में खेल रहा है, जिससे आम जनता को भी नुकसान है। कर्मचारी को 30-35 साल की नौकरी के बाद भी पेंशन नहीं और सांसद-विधायकों को पेंशन दी जा रही है।



### सरकार कर रही मांगों की अनदेखी

**रोहतक।** रोडवेज कर्मचारी यूनियन हरियाणा की बैठक यूनियन मुख्यालय में डिपो प्रधान सुरेश नेहरा की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन रोहित देशवाल ने किया। राज्य महासचिव जयबीर घणघस ने कहा कि सरकार कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी कर रही है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा सांझे मोर्चे के साथ मांगों को लेकर कई बार वार्तालाप की जा चुकी है। इसके बाद भी मानी गई मांगों के परिपत्र आज तक जारी नहीं किए हैं। समस्याओं के समाधान न होने से कर्मचारियों में रोष है। उन्होंने कहा कि इसी के मद्देनजर 24 दिसम्बर को करनाल में मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने का निर्णय लिया गया है। बैठक में दीपक बल्हारा, जयपाल चौहान, अमित शर्मा, देवेंद्र काला, देवानंद, हरिओम, सुरेश ढिल्लो, संदीप आदि मौजूद रहे।



### रोहतक इलेक्ट्रिक व्हीकल हब को सराहा

**रोहतक।** आईएमटी स्थित एमएसएमई टेक्निकल सेन्टर में शनिवार को इलेक्ट्रिक व्हीकल हब की शुरुआत हो गई। सेमिनार का उद्घाटन हरियाणा एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिया के चेयरमैन अनुराग बक्शी व एमएसएमई डेवलमेंट डायरेक्टर संजीव चावला सहित एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन ने दीप प्रज्वलित कर किया। अनुराग बक्शी ने कहा कि रोहतक हब को सरकार की तरफ से हर सुविधा उपलब्ध होगी। संजीव चावला ने रोहतक उद्यमियों को बधाई देते हुए कहा कि रोहतक इलेक्ट्रिक व्हीकल हब सराहनीय कदम है। इससे नए उद्यमियों को भी अवसर मिलेंगे।

## बिना पूर्व सूचना के हुआ गीता महोत्सव:सुनील नेहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

लेक्चरर वेलफेयर एसोसिएशन ने बिना पूर्व सूचना के गीता महोत्सव के बारे में मनाने पर आपत्ति जाहिर की है। लेक्चरर वेलफेयर एसोसिएशन संरक्षक सुनील नेहरा बताया कि रोहतक में जिला गीता महोत्सव आयोजित किया गया। जिसके चलते स्कूलों के विद्यार्थी कार्यक्रम में नहीं पहुंच पाए। उन्होंने बताया कि खंड स्तरीय प्रोग्राम में जिन विद्यार्थियों ने अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन किया था। उन बच्चों को सूचना ही नहीं मिली। संगठन के संरक्षक सुनील नेहरा ने बताया कि शिक्षा विभाग के द्वारा परीक्षा के दौरान इस तरह के कार्यक्रम होना शिक्षा विभाग के लिए घातक सिद्ध होगा, क्योंकि परीक्षा के दौरान इस तरह की गतिविधियां बच्चों के हित में नहीं है।उन्होंने बताया कि हरियाणा से शिक्षा विभाग को इस बारे में संज्ञान लेना चाहिए ताकि भविष्य में बच्चों के हित को देखते हुए इस तरह की कार्यक्रम जुलाई और अगस्त माह में किए जाए। भविष्य में इस प्रकार के कार्यक्रम ना करवाए जाए।



सुनील नेहरा, लेक्चरर वेलफेयर एसोसिएशन संरक्षक।

## राज्यसभा सांसद अनिल जैन का किया अभिनन्दन

**रोहतक।** विश्वकर्मा स्कूल से शुरू हुई विकसित भारत संकल्प यात्रा के मुख्यतिथि के रूप में पधारे राज्यसभा सांसद अनिल जैन का जिलाध्यक्ष एडवोकेट रणवीर ढाका के नेतृत्व में सर्किट हाउस में अभिनन्दन किया गया। अनिल जैन हरियाणा भाजपा के प्रभारी रहे हैं। उनके नेतृत्व में 2014 में पहली बार हरियाणा में सरकार बनी रही। स्वागत व अभिनन्दन से अभिभूत अनिल जैन ने कहा कि जिला टीम का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि आज नरेंद्र मोदी ने भारत के अर्थशास्त्र को बदल दिया है। भारत ही नही विश्व आज उनके सेवाभाव व गरीब के प्रति निष्ठा से अचंभित है। आगे उन्होंने कहा कि मोदी सरकार गरीव व वंचित को समर्पित है ।

## जंप रोप चैंपियनशिप का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

15वीं रोहतक कप जम्प रोप चैम्पियनशिप का आयोजन नवयुग स्कूल नेहरु कॉलोनी में किया गया। चैम्पियनशिप का शुभारंभ समाज सेवी, एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि जंप रोप खेल के साथ-साथ शारीरिक और मानसिक विकास भी करता है। हरियाणा जंप रोप संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. दीपक भारद्वाज ने कहा कि इस खेल को 2026 की एशियन गेम्स में शामिल किया गया है, जिससे खिलाड़ियों में और रुचि बढ़ी है। स्कूल की छोटी-छोटी बच्चियों ने गानों पर सुंदर प्रस्तुति दी। चैम्पियनशिप का आयोजन हरियाणा चैम्पियनशिप के चुनाव के लिए किया गया। रोहतक के लगभग 18 स्कूलों के 350 बच्चों ने इस इवेंट में भाग लिया। हरियाणा जंप रोप संगठन के जनरल सेक्रेटरी वीर सिंह आर्य ने बताया कि गायिका अंजलि निनानिया, अमित सैनी, शालू किराड़ ने अपनी प्रस्तुती से सभी का मन होह लिया। इस मौके पर नवयुग स्कूल के निदेशक ऋषिराज निनानिया, स्कूल संस्थापक दयानंद निनानिया, सुरेश निनानिया, स्कूल सचिव एडवोकेट विजयपाल निनानिया, हरियाणा जंप रॉप संघ के वरिष्ठ उप प्रधान एडवोकेट दीपक भारद्वाज, रोहतक कप जंप रॉप के उप प्रधान आजाद बुधवार, विजय ठेकेदार, इंटरनेशनल रेफरी विजेंद्र हुड्डा, सुषमा मलिक, मनजीत बुधवार, डायरेक्टर तेजपाल सैनी, योगेश, अंकुश बल्हारा, कपिल, सहदेव, साक्षी रोहिल्ला, आदि मौजूद रहे।



## विद्यार्थियों ने खेलों में दिखाया दम

- सांगवान इंटरनेशनल स्कूल के खेल परिसर में तीन दिवसीय वार्षिक खेल समारोह हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सांगवान इंटरनेशनल स्कूल के खेल परिसर में तीन दिवसीय वार्षिक खेल समारोह के अंतिम दिन भी बच्चों में उत्साह देखने को मिला। खेल समारोह में मुख्य अतिथि स्कूल प्रबंधक कृष्णा सांगवान व मंजू देवी ने शिरकत की। समारोह के अंतिम दिवस लांग जंप, शॉट पुट, 1500 मीटर रेस, 3000 मीटर रेस, कबड्डी, ड्राइवर- कंडक्टर रेस, अध्यापक के लिए लेमन स्पून रेस, रिले रेस, फोर्थ क्लास के लिए मटकी रेस इत्यादि मनोरंजन खेलों का आयोजन किया गया। स्कूल प्रबंधक राजेश सांगवान, प्राचार्या मनीषा सांगवान, कोऑर्डिनेटर, एडमिन हेड, एकेडमिक हेड के साथ अध्यापकगण उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि व प्रधानाचार्या द्वारा सभी स्क्वाड्रन के विजेताओं को मेडल देखकर सम्मानित किया गया। इस कड़ी प्रतिस्पर्धा में बत्रा स्क्वाड्रन ने प्रथम स्थान प्राप्त कर ट्रॉफी अर्जित की तो वहीं दूसरी ओर मॉनकेशा स्क्वाड्रन ने द्वितीय स्थान तथा करिअप्पा स्क्वाड्रन ने तृतीय स्थान हासिल किया। मुख्य अतिथि व प्रधानाचार्या द्वारा नकद राशि व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन एकेडमिक हेड ऋतु विज, मानसी, वीना कालरा व कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा तनु नेंशी, आलोक द्वारा सुचारू रूप से किया गया।



## विद्यार्थियों को विज्ञान से जुड़ने के लिए किया प्रेरित

**रोहतक।** विज्ञान हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। इसकी उपयोगिता दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। विद्यार्थी विज्ञान के व्यावहारिक पहलुओं को समझते हुए इसमें रूचि बढ़ाएं। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की जूलोजी विभाग की अध्यक्षा प्रो. विनिता शुक्ला ने शनिवार को पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय रोहतक में विद्यार्थियों को विज्ञान से जुडऩे के लिए प्रेरित करते हुए यह विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि बच्चों के लिए प्रयोग और व्यावहारिक विज्ञान गतिविधियां बचपन में ही विज्ञान की दुनिया से जोडऩे में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने बच्चों को छोटे-छोट प्रयोग घर में करने के लिए प्रोत्साहित किया।



### श्लोक उच्चारण, निबंध लेखन में दिखाई प्रतिभा

**रोहतक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांधी नगर में वर्ग 6 से 8 की जिला स्तरीय गीता जयंती प्रतियोगिता करवाई गई। जिसमें रोहतक जिले के सभी ब्लॉक के विजेता प्रतिभागियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने श्लोक उच्चारण, निबंध लेखन, पेंटिंग, प्रश्नोत्तरी, भाषण तथा संवाद प्रतियोगिताओं में भाग लिया। विजेताओं को प्रशस्ति पत्र दिए गए। उप जिला शिक्षा अधिकारी रेणु खत्री ने कहा कि गीता से हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है। इस प्रकार की स्पर्धाएं नैतिक मूल्यों के विषय में विद्यार्थियों को जागरूक करने एवं जीवन में उनका क्रियान्वयन करने में अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रवक्ता कृष्णा रंजन ने बताया कि पुरस्कार राशि विजेता प्रतिभागियों के बैंक खाते में जमा करवाई जाएगी। प्राचार्य अंजू डबास, अंजना, प्रवीण राणा, प्रवक्ता कृष्णा रंजन, अलका मदान ने कार्यक्रम समन्वय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस मौके पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांधीनगर के प्राचार्य संजीव दांगी, डीपीई सतीश, प्राचार्या संतोष, प्रवक्ता प्रीति, संतोष मलिक, अनीता आदि मौजूद रहे।

वार्षिक समारोह का हुआ आयोजन, विद्यार्थियों को किया सम्मानित

# महात्मा ज्योतिबा फुले शिक्षा सदन का शिलान्यास

संस्था के प्रधान धर्म सिंह दहिया ने मेरिट प्राप्त सभी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



सैनी एजुकेशन सोसाइटी द्वारा वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें संस्था के मेघावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। समाजसेवी, उद्योगपति व संस्था के पूर्व छात्र दिलबाग सिंह सैनी मुख्य अतिथि रहे। संस्था के प्रधान धर्म सिंह दहिया ने मेरिट प्राप्त सभी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। स्कूल की सभी अध्यापिकाओं को अच्छा परिणाम लाने पर शाल देकर उनका सम्मान बढ़ाया। सैनी कन्या स्कूल में 12वीं कक्षा की छात्रा मानसी सैनी को हरियाणा में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर विशेष रूप से सम्मान दिया गया। दिलबाग सैनी ने कहा कि हर बच्चे में विशेष गुण होता है, हमें जरूरत है उसको पहचाने की। इसलिए संस्था को भविष्य में मोटिवेशनल क्लासेस लगानी चाहिए। उन्होंने कहा कि कोई भी लक्ष्य भेदने के लिए बच्चों को मोटिवेट करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि सैनी एजुकेशन सोसाइटी ने शैक्षणिक रिकॉर्ड के साथ-साथ राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न खेलों में उपलब्धि हासिल की है। मुख्य अतिथि ने संस्था के निर्माणाधीन भवन महात्मा ज्योतिबा फुले शिक्षा सदन का शिलान्यास किया। भवन के लिए समाज के व्यक्तियों ने दिल खोलकर दान दिया। समारोह में सैनी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने बजरंगबली की मनमोहक प्रस्तुति देकर सबको भावुक किया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर राज कुमार सैनी, डॉ. राजसिंह सैनी, उप प्रधान ओमप्रकाश टीकोरिया, सचिव जगदीश कुमार सैनी, सह-सचिव अनिल सैनी, कैशियर बुधराम सैनी, कार्यकारिणी सदस्य डॉ. राजेश सैनी, जयपाल सैनी, सुनील सैनी, ऋतुराज सैनी, अवनीश सैनी, श्याम कटारिया, नफे सिंह सैनी, जगदीश सैनी बाबरा, डॉ. करतार सैनी बोहर, नीरज कपूर, जयंती सैनी, सुरेंद्र सैनी, जतिन टीकोरिया, एडवोकेट प्रदीप सैनी, पवन सैनी, शैलेंद्र सैनी, परमिंदर कटारिया, सतपाल कटारिया, द्रोणाचार्य अवार्ड विजेता नरेंद्र सैनी, कंवल सैनी, ईश्वर सैनी सुभाष सैनी, अमित बालाजी, प्रिंसिपल संगीता सैनी, नमिता सैनी, डॉ. रामकुमार सैनी सहित अन्य मौजूद रहे।



### रोडवेज कर्मचारी 24 दिसंबर को करनाल में होने वाले प्रदर्शन में होंगे शामिल

**रोहतक।** हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन डिपो कार्यकारिणी सदस्यों की मीटिंग यूनियन मुख्यालय में डिपो प्रधान नरेश कुमार सिवाच की अध्यक्षता में संपन्न हुई। संचालन राज्य उप प्रधान एवं डिपो सचिव जयकुंवार दहिया ने किया। प्रांतीय महासचिव सुमेर सिवाच, कार्यालय सचिव सतबीर मुंढाल, सर्व कर्मचारी संघ के जिला सचिव मंजीत पंचाल एवं जिला कोषाध्यक्ष जोगिंद्र दलाल ने बताया कि सरकार कर्मचारियों की मांगों को लेकर गंभीर नहीं है। बार-बार वार्तालाप करने के बावजूद मानी गई मांगों को लागू करने के आदेश जारी नहीं किये जा रहे। रोडवेज कर्मचारी को मिलने वाले अर्जित अवकाश में कटौती कर दी गई है। कर्मशाला में भर्ती पूर्ण रूप से बंद कर दी गई है। जिससे कर्मचारियों में रोष है। जिसको लेकर रोडवेज कर्मचारी 24 दिसंबर को करनाल स्थित मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय पर प्रदर्शन करेंगे।

### रिटायर्ड कर्मचारी फरवरी में करेंगे आंदोलन

**रोहतक।** रोडवेज यूनियन के कार्यालय में प्रदेश स्तरीय मीटिंग हुई। जिसकी अध्यक्षता बाबू लाल यादव ने की और कुलभूषण शर्मा ने मंच का संचालन किया। मीटिंग में निर्णय लिया गया कि पेंशनर की मांगों के लिए सरकार के उदासीन रवैये को देखते अब महापड़ाव अनिश्चित काल के लिए डाला जायेगा। जलकरण बल्हारा, राजबीर ने संयुक्त रूप से कहा कि सरकार पड़ाव डालने से पहले पेंशनर से बातचीत करके मांगों का समाधान करे अन्यथा आने वाले चुनाव में सरकार को इस का खामियाजा भुगतना पड़ेगा।



# सब्जी मंडी 20 को रहेगी बंद बेमियादी हो सकती है हड़ताल

## एकमुश्त मार्केट फीस के नए फैसले के विरोध में लिया फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



■ आढ़तियों की सरकार को चेतावनी, तुगलकी फरमान वापस नहीं लेने पर होगा बड़े स्तर पर विरोध

फल और सब्जी पर मार्केट फीस एकमुश्त करने के फैसले से आढ़ती नाराज हैं। इसके विरोध में सभी जिलों में 20 दिसंबर को सब्जी मंडियां बंद रहेंगी। सब्जी मंडी के आढ़तियों ने पत्रकारों से बात करते हुए यह चेतावनी दी। मंडी प्रधान सोनू छाबड़ा ने बताया कि मांग नहीं मानी तो सभी आढ़ती अपना लाइसेंस सरेंडर कर देंगे। यह हड़ताल अनिश्चितकालीन भी हो सकती है। नए नोटिफिकेशन में स्लैब बनाकर एडवांस में आढ़तियों को मार्केट फीस भरने को कहा गया है। इसके अंदर त्रुटियां हैं और यह फैसला व्यापारियों के हित में भी नहीं है।

उन्होंने बताया कि अधिकारी सरकार को गुमराह कर रहे हैं और कुछ लोग सरकार की गुड बुक्स में रहकर मंडियों के व्यापार को खराब करने पर उतारू है। आढ़ती तो किसानों और अंतिम उपभोक्ता के बीच की कड़ी है, हम लोग ग्राहक से 2 प्रतिशत टैक्स लेकर प्रति सप्ताह सरकार को देते हैं। मौसम के अनुसार किसी वर्ष फसल कम या ज्यादा होने के कारण हमारा व्यापार प्रभावित होता है इसलिए हम एडवांस में कैसे मार्केट फीस भर सकते हैं। मंडी महासचिव साहिल मग्गू ने बताया कि 13 दिसंबर को हरियाणा की सब्जी मंडियों का एक डेलिगेशन पंचकूला जाकर सीए और चेयरमैन से भी मिला था और उन्होंने हमें आश्वासन दिया था कि इस नोटिफिकेशन पर कार्रवाई करके इसको रोका जाएगा लेकिन अभी तक इसको पोस्टपोंड नहीं किया।

### किया था विरोध

ज्ञात रहे 1 दिसंबर को सरकार की तरफ से सब्जी मंडियों में बिकने वाले फल और सब्जी पर मार्केट फीस को लेकर एकमुश्त कर लगाने का नोटिफिकेशन आया है। इससे पहले 2020 में 1 प्रतिशत मार्केट फीस और 1 प्रतिशत एचआरडीएफ लगाया गया था, जिसका पूरे प्रदेश के आढ़ती लगातार विरोध कर रहे थे। पत्रकार वार्ता के दौरान रामेश्वर सैनी, राजकुमार मग्गू, नरेंद्र सैनी, नंदकिशोर, गुलशन, हरीश सैनी, विक्की ढुल, राजू मेंहदीरत्ता, राहुल, कपिल, रवि, हनी कुकरेजा, बंटी कत्याल, सन्नी डंग, दिनेश कथूरिया, पवन, पप्पू और काला मौजूद रहे।

### काटने पड़ेंगे चक्कर

सोनू छाबड़ा ने बताया कि अगर किसी कारणवश पारिवारिक या शारीरिक परेशानी के कारण अगर कोई आढ़ती का व्यापार प्रभावित होता है लेकिन मार्केट फीस पहले ही भर चुका होने के कारण उसको वापस लेने के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ेंगे।

साथ ही हमारे देश के बहुत से राज्य ऐसे हैं जहां पर भारतीय जनता पार्टी की सरकार है जैसे कि यूपी, गुजरात, मध्य प्रदेश और कहीं पर यह मार्केट फीस 50 पैसे है कहीं 75 पैसे। लेकिन पूरे देश में ऐसा कोई भी राज्य नहीं है जहां पर काम करने से पहले मार्केट फीस भरवा ली जाती हो।

### सीएम से लगा चुके गुहार

पत्रकारों से बात करते हुए मंडी महासचिव साहिल मग्गू ने बताया कि कोरोना काल में जब डॉक्टरों, सफाई कर्मचारियों और पुलिसकर्मियों को कोरोना योद्धा मानकर सम्मानित किया जा रहा था तब आढ़तियों से भेदभाव पूर्ण रवैया अपनाया गया। सैकड़ो आढ़ती भाइयों ने जान गंवाई, लेकिन प्रदेश में फल और सब्जियों की दिक्कत नहीं आने दी फिर भी सरकार ने यह कर लगाया। आढ़ती संगठन मुख्यमंत्री मनोहर लाल, उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, कृषि मंत्री जेपी दलाल से भी कई बार मीटिंग करके इस बारे में अवगत करवा चुके हैं।




# इंडस स्कूल में अंतर्सदनीय सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी में झेलम सदन प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

इंडस पब्लिक स्कूल में शनिवार को अंतर्सदनीय सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के चारों सदनों ब्यास, झेलम, रावी व सतलुज के कक्षा तीसरी से नौवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान प्रथम स्थान झेलम सदन ने हासिल किया। वहीं द्वितीय स्थान पर सतलुज सदन, तृतीय स्थान पर ब्यास सदन और चतुर्थ स्थान रावी सदन ने प्राप्त किया। कक्षा तीसरी झेलम सदन से ईशान व किंजल ने प्रथम स्थान, ब्यास सदन से रीतिका व वंश ने द्वितीय स्थान और रावी सदन से रूद्रा व अनवी ने द्वितीय स्थान हासिल किया। चौथी से सतलुज सदन से वैभव व पाखी ने प्रथम , ब्यास सदन से मोक्ष, माहिका और रावी सदन से सुचेता व रीतिका ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पांचवीं रावी सदन से जागृत व अक्ष ने प्रथम, झेलम सदन से निष्ठा व श्रेयांश ने द्वितीय, छठी झेलम सदन से अश्मि व एकांशी ने प्रथम और ब्यास सदन से अनमोल व विकुल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

### अन्नया व सिद्धार्थ प्रथम

वहीं सातवीं झेलम सदन से अन्नया व सिद्धार्थ ने प्रथम और ब्यास सदन से आरूषी व माहिर ने द्वितीय, कक्षा आठवीं सतलुज सदन से निधी, हर्षिता ने प्रथम स्थान, ब्यास सदन से राघव व अपूर्व ने द्वितीय स्थान, कक्षा नौवीं ब्यास सदन से हार्दिक, तन्मय ने प्रथम, झेलम, रावी व सतलुज सदन द्वितीय स्थान पर रहे। विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ. एकता सिंधु ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता से छात्रों के बौद्धिक कौशल का विकास होता है। यह छात्रों को दुनिया की विभिन्न राष्ट्रीय व अन्तरराष्ट्रीय घटनाओं के बारे में ज्ञान बढ़ाने का मौका देता है। निदेशक प्रधानाचार्या डॉ. सुषमा झा ने विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपने संस्कार, धार्मिक, इतिहास और सामान्य ज्ञान आदि का हमेशा ज्ञानार्जन करते रहना चाहिए, क्योंकि सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में सामान्य ज्ञान संबंधी प्रश्न पूछे जाते हैं।

### शहर में आज

- पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ओल्ड आईटीआई ग्राउंड के सामने चिन्योट कॉलोनी में कार्यकर्ता से मिलेंगे।
- पीजीआई और सिविल अस्पताल में नर्सिंग स्टाफ काले बिल्ले लगाकर काम करेगा
- जेड ग्लोबल स्कूल में अग्र कुलदेवी लक्ष्मी मंदिर भूमि पूजन समारोह एवं पत्रिका विमोचन को लेकर पत्रकार वार्ता सुबह 10:45 बजे
- सेक्टर-2 के भगवान परशुराम मंदिर में प्रतिभ सम्मान समारोह होगा
- जिला मुजफ्फरगढ़ सभा रोहतक द्वारा प्राचीन हनुमान मंदिर बड़ा बाजार में रक्तदान शिविर।
- गुरुद्वारा बंगला साहब में गुरुतेग बहादुर का शहीदी गुरु पर्व सुबह 11 से 2 बजे तक
- शहीद मदनलाल धींगड़ा सामुदायिक केंद्र में रक्तदान शिविर
- सेक्टर एरिया में प्रॉपर्टी टैक्स ठीक करने के लिए लगेगा शिविर
- श्रीबालाजी धाम डोभ में स्वास्थ्य जांच शिविर
- राधा स्वामी आश्रम में सालाना सत्संग में परमसंत कंवर महाराज करेंगे प्रवचन
- आर्य समाज माडल टाउन में यज्ञ भजन एवं श्रद्धांजलि सभा दो बजे

### बिजली कट

- सुबह 9 से 12 बजे तक आईडीसी, हिसार रोड, पंचारतना, पीडास, पुरानी आईडीसी, सैनिक कॉलोनी, श्याम कॉलोनी, शास्त्री नगर
- सुबह 8 से 11 बजे तक आईएमटी 1 फीडर, आईएमटी-2, हाईटेक फीडर, आईएमटी-3 फीडर
- सुबह 10 से 1 बजे तक मानसरोवर कॉलोनी, झग कॉलोनी, बजरंग भवन
- सुबह 10 से 5 बजे तक चांद नगर, प्रेम नगर, कैलाश कॉलोनी, दुर्गा कॉलोनी

### वेद मॉडल स्कूल में ऑर्गन डोनेशन के लिए किया प्रेरित

■ एक व्यक्ति अपने अंगों से 17 लोगों का बदल सकता है जीवन

**रोहतक।** डोनेशन टीम इंडिया दिल्ली से आए डॉ. सौरभ वैदिव्या ने वेद मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल कलानौर में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के बच्चों व स्कूल स्टॉफ को ऑर्गन डोनेशन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि अंगदान एक ऐसी पहल है, जिस पर लोगों की समझ और सच बदलने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि अंगदान को बढ़ावा देने के लिए अब स्वास्थ्य विभाग आर्गन डोनर के परिजन को सम्मानित करेगा। एक व्यक्ति अपने अंगों से 17 लोगों का जीवन बदल सकता है। स्कूल डायरेक्टर उर्मिल बौंदवाल व प्राचार्या उषा रानी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि अमर होने के लिए लंबा जीवन नहीं बल्कि बड़ा जीवन जीने की जरूरत है।

# शहीदों के दिखाए रास्ते का अनुसरण कर करें राष्ट्र सेवा : एडीसी

■ 1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की जीत के जश्न के रूप में मनाया जाता है विजय दिवस : एडीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



अतिरिक्त उपायुक्त महेश कुमार ने विजय दिवस के अवसर पर महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में स्थित राज्य स्तरीय युद्ध स्मारक पर भारतीय सेना के पूर्व अधिकारियों के साथ पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को नमन करते हुए श्रद्धांजलि। हरियाणा पुलिस बल के जवानों ने शस्त्र उलटे कर मातमी धुन के साथ शहीदों को सलामी दी।

महेश कुमार ने बाद में मीडिया कर्मियों से बातचीत करते हुए कहा कि विजय दिवस 16 दिसम्बर को 1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की जीत के जश्न के रूप में मनाया जाता है। इस युद्ध के अंत के बाद 93 हजार पाकिस्तानी सेना ने आत्मसमर्पण कर दिया था और इन सैनिकों को छुड़वाने के लिए पाकिस्तान को भारत के सामने गिड़गिड़ाना पड़ा था। अब तक 2 विश्व युद्ध हुए हैं, लेकिन इतनी बड़ी संख्या में किसी देश के सैनिकों ने आत्मसमर्पण नहीं किया था। उन्होंने कहा कि 1971 के युद्ध में भारत ने पाकिस्तान को बुरी तरह से परास्त किया, जिसके बाद पूर्वी पाकिस्तान स्वतंत्र हो गया, जो आज बांग्लादेश के नाम से जाना जाता है। अतिरिक्त उपायुक्त महेश कुमार ने कहा कि भारत एक स्वतंत्र व शांतिप्रिय देश है, लेकिन जब भी कोई भारत की ओर आंख उठाकर देखता है तो ऐसे देशों को उसी के भाषा में जवाब दिया जाता है। उन्होंने कहा कि 1971 का यह युद्ध भारत के लिए ऐतिहासिक और हर देशवासी के हृदय में उमंग पैदा करने वाला साबित हुआ। देश भर में 16 दिसम्बर को विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। वर्ष 1971 के युद्ध में करीब 3,900 भारतीय सैनिक वीरगति को प्राप्त हो गए थे, जबकि 9,851 घायल हो गए थे। उन शहीदों को आज के दिन श्रद्धांजलि अर्पित करते है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर विंग कमांडर गोरिका सुहाग, कैप्टन सुरेश सिंह, सीपीओ रामेहर सिंह, साधुराम, सुबेदार मेजर बलवान जाखड़, नायब तहसीलदार वीरेंद्र सिंह, नरेश कुमार, उमेश दहिया, सुबेदार जसवंत सिंह, सुबेदार मेजर पूर्णमल, एचसी रणजीत सिंह, वारंट ऑफिसर संजय कुमार, रविंद्र, दिनेश कुमार, ईश्वर, हरीश, जगबीर सिंह व नरेश कुमार, लिपिक कृष्ण हुड्डा व करनैल सिंह, सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।

### रेलगाड़ी की चपेट में आने से युवक की मौत

**रोहतक।** रोहतक-जींद रेलवे लाइन पर समरगोपालपुर के पास रेलगाड़ी की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना मिलने पर जीआरपी की टीम मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की। जीआरपी एएसआई हरिओम ने बताया मृतक की उम्र करीब 35 साल है।

उसके दाहिने हाथ पर बाबा श्याम लिखा हुआ और मोर पंख के निशान का टैटु तथा बाजु पर भगवान शिव की मूर्ति गुदी हुई है। शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। उन्होंने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करवाकर पीजीआई डेड हाउस में रखवा दिया है और शव की शिनाख्त के प्रसास किए जा रहे हैं। हरिओम ने बताया कि घटना 14 दिसंबर शाम करीब छह बजे की है।

# एमडीयू की दो छात्राएं गणतंत्र दिवस की परेड के लिए चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



मदवि की राष्ट्रीय सेवा योजना की दो स्वयं सेविकाओं- आकांक्षा और दक्षिता गुलिया का चयन गणतंत्र दिवस परेड के लिए हुआ है। एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक प्रो. तिलक राज ने बताया कि एमडीयू की एनएसएस वालंटियर्स छोटू राम आर्य कालेज, सोनीपत की आकांक्षा तथा एसआईएएसटीई, झज्जर की दक्षिता गुलिया आगामी 26 जनवरी 2024 को नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस परेड में एमडीयू का प्रतिनिधित्व करेंगी। प्रो. तिलक राज ने बताया कि केंद्र के आदेशानुसार इस बार महिला सशक्तिकरण वर्ष के रूप में मनाने के चलते राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से गणतंत्र दिवस परेड में केवल स्वयं सेविकाओं को ही शामिल किया जाना है। प्रदेश से 8 स्वयं सेविकाओं का चयन परेड के लिए किया गया है, जिसमें से 2 स्वयं सेविकाएं एमडीयू से हैं।

### अनुदान आधारित कृषि यंत्रों की फिजिकल वेरीफिकेशन जारी

रोहतक। उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि किसानों ने फसल अवशेष प्रबंधन योजना 2023-24 के तहत विभिन्न कृषि यंत्रो के लिए आवेदन किया ऐसे किसानों के लिए सरकार द्वारा जिला के लिए 521 लक्ष्यों का आवंटन किया गया था। अनुदान हेतु चयनित किसानों के कृषि यंत्रो का भौतिक सत्यापन जिला स्तरीय गठित कमेटी द्वारा 13 दिसंबर से खंड स्तर पर किया जा रहा है। डीसी ने कहा कि कमेटी द्वारा कलानौर खण्ड के किसानों के 31 कृषि यंत्रो का भौतिक सत्यापन 15 दिसंबर को कलानौर स्थित अनाज मंडी में किया गया। उन्होंने बताया है कि जिला के जिन किसानों ने कृषि यंत्रो पर अनुदान हेतु परमिट सहित बिल व अन्य कागजात कार्यालय में जमा करवाए थे ऐसे सभी किसानो के कृषि यंत्रो का भौतिक सत्यापन 19 दिसंबर तक पूर्व निर्धारित शेड्यूल अनुसार खण्ड स्तर पर किया जा रहा है। महम ब्लॉक के लिए 13 दिसंबर को 110 कृषि यंत्रो का भौतिक सत्यापन महम अनाज मंडी में किया गया। लाखनमाजरा ब्लॉक के लिए 14 दिसंबर को 59 कृषि यंत्रो का भौतिक सत्यापन लाखनमाजरा स्थित अनाज मंडी में किया गया। कलानौर खण्ड के किसानों के लिए 15 दिसंबर को 31 कृषि यंत्रो का भौतिक सत्यापन कलानौर स्थित अनाज मंडी में किया गया। उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि सांपला ब्लॉक के कृषि यंत्रो का भौतिक सत्यापन 18 दिसंबर को सांपला स्थित अनाज मंडी किया जाएगा।

### पीजीआई में नर्सिंग स्टाफ ने काले बिल्ले लगाकर की ड्यूटी, नर्सिंग अलाउंस 7200 करने की मांग



**रोहतक।** पीजीआई की नर्सिंग एसोसिएशन ने आंदोलन के दूसरे दिन काले बिल्ले लगाकर काम किया। शुक्रवार को पीजीआईएमएस के सभी वार्ड, ओटी, इमरजेंसी व अन्य जगहों पर तैनात सभी नर्सिंग स्टाफ ने मूक विरोध जताना शुरू कर दिया है। नर्सिंग एसोसिएशन के प्रधान विकास फौगाट ने बताया कि उनकी मांग है कि नर्सिंग अलाउंस 1200 से बढ़कर 7200 रुपये किया जाए और नर्सिंग ऑफिसर को ग्रुप सी से ग्रुप बी श्रेणी में शामिल किया जाए। विकास फौगाट ने बताया कि वे पिछले कई सालों से अपनी लंबित मांगों को लेकर सरकार के भरोसे पर बैठे हुए थे, लेकिन अब पूरे प्रदेशभर के नर्सिंग एसोसिएशन के सब्र का बांध टूट गया है। उन्होंने सरकार को अपनी तरफ से पहले ही अपने इस मूक विरोध प्रदर्शन के बारे में बता दिया था कि वे 15 से 20 दिसंबर तक काले बिल्ले लगाकर विरोध जताएंगे और 21 को गेट मीटिंग करेंगे। अगर 21 तारीख तक उनकी मांगों को पर कोई कार्रवाई नहीं हुई तो बड़ा फैसला लिया

**21 को पूरे प्रदेश में प्रदर्शन :** विकास फौगाट ने बताया कि उनकी मांगे केंद्र की तर्ज पर ही हैं, जिसे सरकार आसानी से पूरी कर सकती है। ऐसे में कर्मचारियों की मांगे पूरी न करना दशार्ता है कि सरकार कर्मचारी विरोधी है, जिसे किसी भी हालत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 21 दिसंबर को पूरे प्रदेश के सिविल सर्जन कार्यालयों, मेडिकल कॉलेजों में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

### आज व कल होगी अध्यापक पात्रता परीक्षा के अभ्यर्थियों की बायोमैट्रिक वेरीफिकेशन

**रोहतक।** उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि हरियाणा अध्यापक पात्रता (एचटेट) परीक्षा-2023 का आयोजन गत 2 व 3 दिसम्बर 2023 को करवाया गया है। इस परीक्षा का परिणाम घोषित होने से पूर्व अभ्यर्थियों की बायोमैट्रिक वैरीफिकेशन होनी अनिवार्य है। अभ्यर्थियों की सुविधा को देखते हुए 17 व 18 दिसम्बर सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक राज्य के सभी 22 जिलों में यह प्रक्रिया पूर्ण करवाने के लिए केंद्र स्थापित किए गए हैं। अभ्यर्थी द्वारा अपना मूल फोटो युक्त पहचान पत्र एवं मूल प्रवेश पत्र (एडमिट कार्ड) लेकर आना अनिवार्य है। उपायुक्त ने बताया कि जिले में जहां वेरीफिकेशन होनी है, उन विद्यालयों की सूची व जिन अभ्यर्थियों की बायोमैट्रिक वैरीफिकेशन होनी है, उनकी सूची बोर्ड की अधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। केवल सूची में दिए गये अनुक्रमांक वाले अभ्यर्थियों द्वारा ही यह प्रक्रिया पूर्ण की जानी है।

## मदवि में इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन

# देश को प्रौद्योगिकी से मजबूत बनाने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टैक्नोलॉजी में शनिवार को इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस आईसीएसआईआर 2023 का आयोजन किया गया। डीन, एकेडमिक एफेयरस प्रो. सुरेंद्र कुमार ने बतौर मुख्यातिथि इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ किया।

प्रो. सुरेन्द्र कुमार ने इस अवसर पर कहा कि आधुनिक युग प्रौद्योगिकी का है। उन्होंने कहा कि आज जो समाज या राष्ट्र तकनीकी रूप से सक्षम है, वही प्रगति की राह पर अग्रसर है। उन्होंने इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों से शोध एवं नवोन्मेष द्वारा देश एवं समाज को प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में मजबूत बनाने का आह्वान किया। प्रो. सुरेन्द्र कुमार ने इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के आयोजन के लिए यूआईईटी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

यूआईईटी निदेशक प्रो. युद्धवीर सिंह ने प्रारंभ में स्वागत भाषण दिया। प्रो. युद्धवीर सिंह ने बताया कि बताया कि इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की कार्यवाही की अधिकृत रपट प्रतिष्ठित स्प्रिंगर स्कोपस इंडेक्स्ड में प्रकाशित की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में विश्व भर से 230 शोध पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 65 शोध पत्रों को इस सम्मेलन में प्रस्तुत करने के लिए चयनित किया गया। इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के चेसरपर्सन न्यू पापुआ यूनिवर्सिटी के डॉ. आशीष कुमार ने सम्मेलन की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर यूआईईटी के प्राध्यापक एवं प्रतिभागीगण उपस्थित रहे।

### युवक को अवैध हथियार सहित किया गिरफ्तार



रोहतक। पुलिस ने युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। थाना प्रभारी सीआईए-2 आजाद नैन ने बताया कि सीआईए-2 स्टाफ की टीम एक रुपया चौक नजदीक झज्जर बाइपास के पास गश्त में मौजूद थी। इस दौरान गांव करौंथा के बस स्टैंड के पास से युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। युवक की पहचान अमन उर्फ बाबा निवासी गांव करोंथा के रूप में हुई है। युवक के पास से एक देसी पिस्तौल बरामद हुई है। युवक के खिलाफ थाना शिवाजी कॉलोनी में केस दर्ज करके गिरफ्तार किया गया है।

### टॉवर से बैटरी चोरी की वारदातों में आरोपी गिरफ्तार

रोहतक। पुलिस ने टॉवर से बैटरी चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को कोर्ट के आदेश पर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल करके जेल भेजा गया है।थाना प्रभारी महम निरीक्षक राकेश सैनी ने बताया कि गांव सांघी निवासी राहुल की शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया गया था। जांच में सामने आया कि राहुल आर एस सिक्योरिटी में सुपरवाइजर के पद पर तैनात है। गांव फरमाणा में खाली प्लॉट में एक चारदीवारी के अंदर इंडस कंपनी का एक टावर लगा हुआ है। 4 जुलाई को टावर के शैल्टर के ताले टूटे हुये मिले व बैटरी चोरी हुई मिली। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में वारदात कैद हो गई। आरोपी की शिनाख्त की गई। जांच 15 दिसंबर को को आरोपी विनय निवासी पोली जींद को भोंडसी जेल से प्रोडक्शन वारंट पर हासिल कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी का पुराना आपराधिक रिकार्ड रहा है। आरोपी गाड़ी में सवार होकर टॉवरो पर रखी बैटरियों को चोरी की वारदातों को अंजाम देता है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20